तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

12 रजनकटा के विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

14 किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन जारी







## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में तीन हुए घायल, गरियाबंद रिफर

**मैनपुर।** क्षेत्र के राजापड़ाव इलाके में बुधवार को सुबह 10 बजे के आसपास एक बाइक पेड़ से टकरा जाने से दो युवक घायल हो गए हैं। घायलों को गरियाबंद रिफर किया गया है। घायलों में जीवन और चिंताराम शामिल हैं। दोनों घायल युवकों को मैनपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दो युवक मोटर साइकिल से ग्राम ढोलसरई से शोभा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दूसरी ओर मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में झापेन नाला के नजदीक दो मोटर साइकिल टकरा जाने से एक युवक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए गरियाबंद रिफर किया गया है।

### तृप्ति वर्मा का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी से तृप्ति वर्मा, पिता योगेश्वर वर्मा, माता गायत्री वर्मा का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका कक्षा छठवी में प्रवेश हेतु हुआ है। बालिका बचपन से ही मेधावी रही है। इस विद्यालय से लगातार बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में चयन होते आये हैं। वर्ष 2022-23 में दो बालिकाओं का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए एवं सत्र 2023-24 में दो सगे भाई बहनों का चयन नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ व वर्तमान सत्र में भी चयन होकर विद्यालय सहित संकुल विकास खंड का नाम रौशन किया। तृप्ति का चयन होने पर माता पिता सहित संकुल प्राचार्य एल. अग्रवाल मैडम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ,संकुल के सभी शिक्षक शिक्षको ने बच्ची के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### मैनपुर आत्मानंद स्कूल से 3 व जिड़ार से 1 छात्र का नवोदय विद्यालय के लिए चयन




**मैनपुर।** मैनपुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल से 03 छात्र –छात्रओं का जवाहर नवोदय विद्यालय 2025–26 में चयन हुआ है जिसमें कुमारी काव्या मरकाम, होमसुधा यादव, मारूत कुमार नायक एवं शासकीय प्राथमिक शाला जिड़ार से घन"याम यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इन छात्र –छात्रओं के चयन होने पर प्राचार्य बी एस नागेश, प्रधान पाठक जावेद मेमन, रामे"वरी ध्रुव, संतोश पटेल, गणेश बघेल, गीता यादव, अखिल चेलक, राधा रोशन साहू, रोली शर्मा, जितेन्द्र पांडेय, भावना बढ़ई, प्रज्ञा साहू, त्रिवेणी चंदन, वात्सल्य गुप्ता, याद साहू, आरती श्रीवास, दिलीप साहू, हलधर मेहर, लक्ष्मी व्यापारी, निधी एक्का, सन्नी दास, रूपेश यादव, प्रदीप सिन्हा द्वारा हर्श व्यक्त करते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना किया है।

# मार्च में ही सूखने लगे नदी-तालाब, जल स्तर भी आया नीचे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

माह मार्च में गर्मी की शुरूआत के साथ भू-जल स्तर में भी गिरावट आई है। मार्च के अंतिम सप्ताह में नवापारा राजिम क्षेत्र के तालाब कुएं एवं पोखर में जल स्तर कम हो गया है। कही कही तो तालाब सूखकर मैदान में परिवर्तित हो गए है। जिन तालाबों में पानी है वहां प्रदूषण के कारण लोग न नहा पा रहे है न ही अन्य उपयोग में ले पा रहे है। जल है तो कल है। जल संरक्षण जैसे के स्लोगन केवल दीवारों एवं पोस्टरों तक सीमित रह गए है। वास्तविकता कुछ अलग ही है। भू जल स्तर गिरने से सबसे ज्यादा समस्या नवापारा से लगे पारागांव एवं कोलियारी क्षेत्र है। पारागांव कई सालों से प्रदूषण एवं जल समस्या से जूझ रहा है। पारागांव के अंतिम छोर में तालाब पूरी तरह सुख गया है। तालाब में हल्के हरे पीले शैलाब गीली मिट्टी में गोल्फ के मैदान जैसा दिख रहा है। पानी का नामों निशान नहीं है। वही कोलियारी में गांव के अंतिम छोर पर तालाब पूरी तरह सुख गया है। तालाब में न पानी है न ही नमी है। कोलियारी मुख्य मार्ग के सूखे तालाब को बोर के पानी से भरा जा रहा है। जिन गावों के तालाबों में पानी भरे है वो प्रदूषण की चपेट में है। तालाब के किनारे कचरा, प्लास्टिक डिस्पोजल एवं गंदगी पसरी हुई है। राजिम पथर्रा मार्ग पर स्थित गार्डन के किनारे तालाब में चारों ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मैदान में तब्दील हुआ तालाब, जहां पानी वहां प्रदूषण की मार

#### महानदी का जलस्तर गिरा नदी प्रदूषण की चपेट में

छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी में भी जल स्तर गिरा है। मार्च माह में सूखे नदी में गंगरेल से पानी छोड़कर पानी भरा जा रहा है।मेले के दौरान उपयोग किए गए प्लास्टिक की बोरिया अब भी त्रिवेणी संगम में सड़ रही है। एनीकट के विपरीत दिशा में महानदी प्रदूषित है। आधी नदी जलकुंभी से बाकी क्षेत्र घास, काई एवं कंटीली झाड़ियां से पट गई है। पानी का बहाव बिल्कुल भी नहीं है।





## दिवस : विकास कार्यों के लिए 50 लाख रूपए की दी सौगात

# खुडियाडिही में मनाई गई कर्मा जयंती विधायक रोहित साहू ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

खुडियाडिही कर्मा जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू संबोधन में कहा समाज मे प्रेम भाईचारा की भावना बढ़ाने वाली माता कर्मा की कृपा हम सब पर सदैव बना रहे। ऐसे कर्मा माता और पापमोचनी एकादशी पावन ब्रत की परिक्षेत्र बोरसी सहित सबको मंगल शुभकामनाएं हो।

- **तेली कुल में जन्म सौभाग्य की बात, यह किसी पुण्य कर्म का है फल : रोहित साहू**

आगे कर्मा माता की महिमा के संबंध में कहा कि तेली कुल की देवी मां कर्मा की जीवनगाथा महान हैं। खिचड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता कर्मा के द्वारा भगवान जगन्नाथ खिचड़ी भोग को ग्रहण किया गया है। विधायक रोहित साहू ने कहा तेली कुल मे जन्म होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है,यह किसी पुण्य कर्म की फलदाई है।





**विधानसभा को मिल रही सौगातें :** भाजपा सरकार की सहयोग से राजिम विधानसभा को एक से बढ़कर एक सौगात मिल रही है। मेरे विचार से भवन, टीना सेड, सीसी रोड, किसी छोटे समस्या का समाधान ये बड़ी बात नहीं। विकास के दायरे बड़ी सोच हो स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, मुलभुत सार्वजनिक सुविधा, सरकार की कल्याणकारी योजनाएं को समाज के अतिंम व्यक्ति तक पहूंचाकर उसे जब तक लाभ न मिल जाएं प्रयास करते रहना मेरे प्राथमिकता में है। विधायक ने युवा सरपंच की तारिफ में कहा सरपंच खूटेरी बेनीशंकर साहू मेरा पक्का चेला दूत हैं ,इस तरह फिंगेश्वर ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### जीवन में करने चाहिए अच्छे कर्म

भुवनेश्वर साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज ने कहा कि साहू समाज के कुल मे पैदा हूये तो जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए, जीवन आज है कल नहीं रहे। जिस समाज का नेतृत्व प्रेरक माता कर्मा है माता राजिम है, यदि महिलाएं पिडित है, तो किसी आपदा का संकेत है, समाज गंभीर हो जाएं। उन्होंने राभमंदिर समीति अध्यक्ष लाला साहू के द्वारा साहू समाज के नाम पर कुंभ कल्प राजिम में विशाल भंडारा के संचालित से लाखो लाखो को भोजन व्यवस्था से छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य प्रदेशों से पहूंचे श्रद्धालू भोजन करते हैं।

## सरगी नदी के बिजली, खुटेरी, खुडियाडिही घाट में रेत का अवैध खनन




**छुईहा बेलर।** गरियाबंद जिले से सरगी नदी के बिजली, खुडियाडिही, खुटेरी कुणडेल तरीघाट सहित नदी तट में काफी लम्बे दिनों खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं। प्रशासन की अनदेखी से सरगी का सीना चिर कर दिन प्रतिदिन सैकड़ों टेक्टर बिजली से कुण्डेल तक अवैधानिक उत्खनन करते देखा जा रहा है। प्रशासन द्वारा इस नदी में किसी प्रकार की कोई स्वीकृत नहीं है। ट्रेक्टर वाले सरकारी काम का हवाला देकर फर्जी बिल जमा कर सरकार की राजस्व में करोड़ों की चुना लगा रहे हैं। बहूताय लोग व्वसाय बनाय हूये है। संबंधित ग्राम वासियों ने अनेकों बार मना किया, पुलिस, तहसील, एसडीएम, खनिज तमाम को सुचना दी पर किसी ने आज तक सरगी नदी को झांकने तक नहीं आया। ग्रामिणो का कहना है कि फिंगेश्वर तहसीलदार अजय चंद्रवंशी को फोन सुचना देने का प्रयास करते हैं लेकिन कभी फोन नहीं उठाया। जिससे माफिया का हौंसला ▶▶| शेष पेज 12 पर

- **फर्जी बिल जमा कर राजस्व में लगाई जा रही है करोड़ों की सेंध**

## उदंती टाइगर रिजर्व के कैमरे में कैद हुई तेंदुए की जोड़ी

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में फिर एक बार ट्रैप कैमरों में तेंदुओं की एक जोड़ी कैद हुई है। इसके अलावा, भालू और हिरण जैसे अन्य वन्यजीव भी इन कैमरों में दर्ज हुए हैं। य उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में रिजर्व के बफर क्षेत्र में थर्मल ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का गहन परीक्षण किया जा रहा है। तेंदुए जोड़ी की तस्वीर सामने आने से गश्ती दल और पार्क के अधिकारी बेहद उत्साहित हैं। श्री जैन ने बताया कि सीतानदी टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में तेंदुए मौजूद हैं। साथ ही अन्य वन्यजीव भी इस क्षेत्र में निवास करते हैं। इन सभी की निगरानी और सुरक्षा के लिए कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलाव को देखते हुए वन्यजीवों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ट्रैप कैमरों में तेंदुआ, भालू और हिरण की मौजूदगी दर्ज होना इस क्षेत्र में वन्यजीवों की संख्या में बढ़ोतरी का प्रमाण है।




#### शिकारियों पर कड़ी निकरानी में भी कैमरा मददगार

गर्मी के दिनों में जंगल में आगजनी के साथ पतझड़ के मौसम आ जाने से चारो तरफ दूर –दूर तक दिखाई देता है ऐसे में वन्यप्राणियों के शिकार की संभावना बनी रहती है। साथ ही वन्यप्राणी गांव के आसपास भी पानी की तलाश में पहुंच जाते है। जंगल में लगाये गये कैमरे से वन्यप्राणियों की सुरक्षा के साथ ही शिकारियों पर भी निगरानी की जा रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की सूचना आसानी से मिल जाती है।

## अवैध शराब बरामद आरोपी युवक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** देवभोग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान नया सवेरा के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




**गिरफ्तारी की पूरी कार्रवाई :** थाना प्रभारी गौतमचंद गावड़े को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम परेवापाली स्थित सुपेबेड़ा तिराहा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दसवें दिन भी जारी रही ग्रापं सचिव संघ की हड़ताल, जपं सदस्य ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत सचिव संघ का हड़ताल आज दसवें दिवस भी जारी रहा जिसमें जनपद पंचायत छूरा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद सदस्य अवधराम साहू ने हड़ताल स्थल पर उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया और कहा कि सचिव ग्राम पंचायत के नींव होते हैं। सरकार की समस्त योजनाओं को ग्राम पंचायत सचिव ही धरातल पर पहुंचने का काम करता है 1995 से लेकर अब तक ग्राम पंचायत सचिव पंचायत में अपनी सेवा दे रहे हैं बहुत सारे सचिव रिटायर हो चुके हैं, जिन्हें उनकी सेवा के बदले कुछ भी नहीं मिला यह एक कर्मचारी के लिए सबसे दुख की बात है सरकार ने जब मोदी की गारंटी में सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया है तो उनको अपना वादा पूरा करना चाहिए। अगर सरकार को निचले स्तर पर विकास चाहिए तो सचिवों को मजबूत बनाना अति आवश्यक है मैं खुद भी पंचायती राज व्यवस्था से जुड़ा हूं सचिवों पर कितना दबाव रहता है। मैं भली भांति जानता हूं इसीलिए मैं सचिव संघ के मांग को जायज समझता हूं और प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं की सचिवों की मांग को जल्द से जल्द पूरा करें उनके बगैर पंचायत में सारे काम ठप हैं।

- **हड़ताल स्थल पर पहुंते जनपद सदस्य अवधराम साहू**

#### ये रहे हड़ताल में शामिल

आज की हड़ताल स्थल में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर, सचिन बोधन साहू, गजेंद्र साहू, काशीराम साहू, युवराज साहू, सुरेश साहू, भूपेंद्र सेन, घनश्याम यादव, राम गोपाल साहू, तीरथ नेताम, भगवानी ध्रुव, कृषलाल सिन्हा, विष्णु साहू, युवराज सिन्हा, विक्रम यादव, देवानंद यादव, केसर साहू, कमल नारायण यादव, दिलीप चंद्राकर, भुवनेश्वर ध्रुव, ढुवन तारक, उषा साहू, गीतेश्वरी साहू सहित समस्त सचिव साथी गण उपस्थित रहे ।

## साहू समाज ने वृद्धजनों एवं प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

# भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी में ग्रामीण साहू समाज भक्त माता संत शिरोमणी जयंती पर मां कर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से से मनाया गया। सर्वप्रथम साहू भवन में मां कर्मा की आरती वंदन कर स्वाजातीय बंधु द्वारा मां कर्मा छायाचित्र को रथ में सजाकर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा ग्राम के मौहापारा ,बस्तीपारा ,चंदापारा में भव्य कलश यात्रा निकालकर भम्रण किया।

ग्राम के स्वजातीय लोगों ने साथ ही अन्य समाज द्वारा भी मां कर्मा श्रीफल भेंट कर और आरती वंदन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू मौजूद थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, माणसमणी देवांगन ,उपसरपंच राधे पटेल, डॉ गिरीश साहू थे। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज घनश्याम साहू ने किया। कार्यक्रम में समाज के वृद्धजनों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान एवं समाज सभी अतिथियों का स्वागत वंदन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं 10वीं 12वीं प्रथम ,द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों का प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया। जो भगवान जगन्नाथ के अनन्त भक्त थे जिन्होंने अपने भक्ति और प्रेम भगवान जगन्नाथ बालक के रूप सुबह सुबह मां कर्मा हाथों से बना खिचड़ी ग्रहण करते थे। भक्ति और प्रेम मां कर्मा साहू समाज अराध्या देवी जिन्होंने अपने भक्ति के भगवान को भी प्रेम बांध लिया।



#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

साहू समाज उपाध्यक्ष राधिका साहू, सचिव राजूराम साहू शिक्षक कोषाध्यक्ष भोला राम साहू ,सगठन मंत्री,लाकेश्वर साहू युवा प्रकोष्ठ सेवक राम साहू, देवी साहू, टिंकु साहू,कुशल साहू , महिला प्रकोष्ठ पूर्णिमा साहू, दीपा साहू,रमा साहू,पति साहू, पार प्रमुख दिलीप साहू दर्शन साहू, शारदा साहू भगवान दास साहू, आशाराम साहू, भूषण साहू गोवर्धन साहू, अमृत साहू , ज्ञान चंद साहू, यादराम साहू,सोहन साहू,संतशरण साहू,ओंकार साहू भुवनेश्वर साहू, कामता साहू बड़ी, चेतन साहू, बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिवों की मांग अनसुना कर गारंटी से पीछे हट रही सरकार

**मैनपुर।** शासकीयकरण की मांग



को लेकर पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव ने जायज बताया है। उन्होने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताया था। अब सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। सरकार को बने सवा एक साल से ज्यादा हो गया। फिर भी आदेश जारी नहीं किया गया। श्री यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पंचायत सचिवों सहित दैवेभो, आंगनबाड़ी, रसोइया, शासकीय विभागों में सेवा दे रहे हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं मानदेय कर्मचारियों का नियमितीकरण दिवा स्वप्न बन चुका है।

### बेटियों ने दिया पिता की अर्थी को कंधा



**छुईहा बेलर।** आज के दौर में कहा जाता है कि बेटियां बेटों से कम नहीं होती है. बेटियों को अगर जिम्मेदारी दी जाए तो वह भी उसे निभाती है. फिर चाहे वह किसी भी क्षेत्र की जिम्मेदारी क्यों ना हो। बेटियां आज अपने माता-पिता की ताकत बनी हुई है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। इसका एक बड़ा उदाहरण ग्राम परसठ्ठी की तृप्ति यादव, वर्षा यादव इन बेटियों ने अपने पिता मणिराम यादव परसठ्ठी के अर्थी को शवयात्रा में घर से मुक्तिधाम तक कंधा देकर साबित कर दिया है। कुछ लोग आज भी लड़कियों को लेकर एक पुरानी मानसिकता रखते है जो उनके ताकत को सीमित करती है। परसठ्ठी की इन लड़की के साहसिक काम से पूरे इलाके में एक सकारात्मक संदेश गया है। तृप्ति ,वर्षा ने अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और मुखाग्नि देकर अंतिम रस्में पूरी की. बेटियों ने वह सारी औपचारिकताएं पूरी की।इस मौके पर निखिल, पुर्व सरपंच टिकेश्वर साहू शामिल थे।

### युवक कार की टक्कर से हुआ घायल

**महासमुंद।** सामान खरीदने किराना दुकान जा रहा युवक कार की टक्कर से घायल हो गया। पिथौरा थाने में घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी देवसिंह डडसेना पिता स्व. नारायण डडसेना निवासी पिथौरा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 22 मार्च की शाम लगभग 5.30 बजे उसका बेटा ऐश्वर्य डडसेना (28 वर्ष) घर से रावणभाठा पारा किराना स्टोर्स में राशन समान खरीदने पैदल जा रहा था। इस दौरान अल्टो वाहन क्रमांक सीजी04एच 4541 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक व तेज गति से अपने वाहन को चला कर ऐश्वर्य डडसेना को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे युवक के दाहिने पैर में गंभीर चोट व मुंह होठ, बांये पैर , बांये कंधे में चोट आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## उपलब्धि : तीनों विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय पांडुका के लिए हुआ चयन

# रजनकटा के विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/पांडुका

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा 2024-25 का रिजल्ट जारी हो चुका है जिसमें अतरमरा संकुल अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक शाला रजनकटा से तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका के लिए हुआ है। जिसमें प्राथमिक शाला रजनकटा से हेविश साहू ने पूरे गरियाबंद जिलें मे प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपने माता-पिता, अपने शिक्षक, अपने विद्यालय रजनकटा संकुल अतरमरा, विखं छुरा, जिला गरियाबंद का नाम रोशन किया है।

संकुल केंद्र अतरमरा के संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के कुशल नेतृत्व मे संकुल के सभी विद्यालयों में निरंतर सांस्कृतिक,नवाचारी गतिविधिया, अध्ययन-अध्यापन, किचन-गार्डन, प्रिंट रिच वतावरण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य होता ही रहता है।जिसके परिणाम स्वरूप गरियाबंद जिले के टॉप संकुल केंद्र में अतरमरा संकुल की गिनती होती है। इस संकुल का नाम जिलें में उत्कृष्ट नवाचारी संकुल के नाम से जाना जाता है।अतरमरा संकुल से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा मे पूरे जिले में प्रथम स्थान आने पर तथा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक शाला रजनकटा के तीन विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय पांडुका में चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ए. के.सारस्वत जी, जिला मिशन समन्वयक के एस नायक जी, जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतावले, विकास स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन, संकुल प्रभारी प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने नवोदय विद्यालय में चयनित होने वाले विद्यार्थी हेविश कुमार साहू, कुमारी चांदनी साहू,धवल कुमार साहू संस्था के प्रधान पाठक धनेश्वरी मुरचूलिया, कक्षा पांचवीं के कक्षा शिक्षक मानिक साहू एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी है।





### कुशल रणनीति का परिणाम

संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने बताया कि जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल जी, जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत, गौरव गरियाबंद के जिला नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकर,मनोज केला कुशल मार्गदर्शन में संकुल केंद्र अतरमरा के सभी शालाओं में नवोदय कोचिंग चलाया गया था जिसका परिणाम आप सब के सामने है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में प्राथमिक शाला रजनकटा ने पूरे जिले में प्रथम स्थान तथा तीन विद्यार्थियों के चयन होना निश्चित है हमारे लिए गर्व की बात है। यह सभी पूरे विद्यालयों की शिक्षकों के मेहनत का परिणाम है। हमारे संकुल में एक रणनीति के तहत शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में एक कालखंड नवोदय विद्यालय कोचिंग क्लास चलाया जाता था तथा ऑनलाइन-ऑफलाइन भी मॉक टेस्ट लिया जाता था। जिससे बच्चों का नियमित अभ्यास हुआ और परिणाम आप सबके सामने हैं। संस्था में पदस्थ शिक्षक मानिक साहू ने जुलाई माह से ही नियमित प्रतिदिन एक कालखंड अध्यापन कार्य कराते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए काफी अच्छी मेहनत किए हैं। बच्चों का नियमित मॉक टेस्ट अभ्यास कर प्रेरित किया। इस परिणाम के लिए निश्चित ही वहां के पदस्थ प्रधानपाठक एवं सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। गत तीन वर्षों से इस संकुल से बच्चों का चयन होते रहा पिछले वर्ष भी संकुल केंद्र अतरमरा से एक विद्यार्थी का नवोदय विद्यालय में चयन हो चूका है।



### इन विद्यार्थियों का चयन

जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका मे संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत प्राथमिक शाला रजनकटा से हेविश कुमार साहू (जिले में प्रथम), कुमारी चांदनी साहू, धवल कुमार साहू का चयन हुआ है।

## नवोदय विद्यालय में चमकेंगे स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल के तीन सितारे



**गरियाबंद।** जिले के प्रतिष्ठित स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल, सोहागपुर के तीन होनहार छात्र पुष्कर देवांगन, षाटांश साहू और कृतज्ञ निषाद ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। इन तीनों छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है, जो उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस सफलता को गर्व का क्षण बताया। विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी ये सफलता** : विद्यालय के संचालक इसहाक बाघ एवं प्राचार्या श्रीमती कुसुम बाघ ने इस सफलता का श्रेय छात्रों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की शिक्षिका नेहा यादव, दीपिका तिर्की, प्रीति साहू तथा शिक्षक खेमनारायण साहू, दीपक कुमार सहित समस्त स्टाफ ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल, सोहागपुर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस सफलता से विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयाँ मिली हैं, जिससे आने वाले समय में और अधिक छात्र प्रेरित होंगे और श्रेष्ठ परिणाम देंगे।

■ स्प्रिंगबोर्ड पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में रचा नया इतिहास

# हेल्पिंग हैंड चैरिटी ने जरुरतमंदों के इलाज के लिए की 1.15 लाख रुपए की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में एक ऐसा ग्रुप संचालित है जिसके 180 सदस्य आर्थिक रुप से अक्षम लोगों की ईलाज के लिए आंशिक सहयोग राशि प्रदान करते हैं। इसी तारतम्य में ग्राम हरदी निवासी हुमन तिवारी द्वारा अपनी पुत्री आरती तिवारी जो कि किडनी इन्फेक्शन की समस्या से जूझ रही है और उसी ग्राम के बुधराम सिन्हा ने अपने पुत्र भावेश सिन्हा के एक्सीडेंट केस में उपचार हेतु, ग्राम कनसिंघी निवासी चंपेश्वर निषाद पिता पुजेरी निषाद जो कि कैंसर संबंधित समस्या से ग्रस्त है, कुरुसकेरा(राजिम) निवासी मुकेश निषाद ने अपनी पुत्री अदिति निषाद जो कि छत से गिर जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गई है। इन चारों की उपचार हेतु आर्थिक मदद की अपील हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास आया था।जिस पर समस्त दस्तावेजमय जानकारी प्राप्त होने पर इन चारों जरुरतमंदों में से बेबी आरती तिवारी के लिए 5000, भावेश सिन्हा के लिए 10000, अदिती निषाद के लिए 20000, चंपेश्वर निषाद के लिए 20000 इस प्रकार कुल मिलाकर 55 हजार रूपए की सहयोग राशि माह जनवरी फरवरी में ग्रुप द्वारा प्रदान की गई।मार्च माह में छुरा निवासी कैंसर पीड़ित वहीदा बेगम, देवगांव छुरा निवासी कीडनी पीड़ित रामेश्वर साहू, ग्राम नागाबुडा (गरियाबंद) के कैंसर पीड़ित प्रभुलाल मेहर के परिजनों का आर्थिक मदद की अपील ग्रुप तक आया था जिसमें तीनों पीड़ितों के परिजनों वाहिद खान, ताराचंद साहू और सुमित्रा बाई को क्रमशः बीस बीस हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार से वर्ष 2025 की पहली तिमाही में अब तक कुल 1 लाख पंद्रह हजार रुपए की मदद ग्रुप ने जरुरतमंदों को उपचार के लिए प्रदान किया है।

### सेवा कार्य में जुड़े हैं 180 सेवाभावी सदस्य

हेल्पिंग ग्रुप परिवार ने सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया है। विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है। इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं। ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे। वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।

## नपं अध्यक्ष ने कराई नाली की सफाई



**राजिम।** राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने सुबह से मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के साथ वार्ड क्रमांक 2 का स्थल निरीक्षण किया। जाम नालों की सफाई के लिए तत्काल मशीनें मंगवाई गई। अध्यक्ष श्री यादव और उनकी टीम ने नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ करवाया। वर्षाकाल के पहले सभी नालों की सफाई का निर्देश दिया गया है। वार्ड के लोगो द्वारा अध्यक्ष एवं पार्षदों का गुलाब भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पार्षद तुषार कदम, भारत यादव, सुरेश पटेल,अजय पटेल ,वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विकास तिवारी, बजरंग दल के अंकित राव ,गोदू राव उपस्थित थे। नगर अध्यक्ष महेश यादव ने वार्ड की समस्याओं को गंभीरता से लिया और त्वरित निराकरण के लिए निर्देश दिए इस कार्य के लिए वार्ड पार्षद तुषार कदम ने अध्यक्ष श्री यादव को धन्यवाद दिया।

# क्षेत्र का विकास करना है मेरी प्राथमकता : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोदोभाठा के आश्रित ग्राम खैरमाल देवजात्र एवं क्षेत्र के कई ग्रामो के दौरे में पहुंची जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया इस दौरान लोकेश्वरी नेताम ने क्षेत्र के लोगो से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और कहा क्षेत्र के विकास उनकी पहली प्राथमिकता है, क्षेत्र में जो भी समस्या है उन समस्याओ का समाधान करने के लिए आला अफसरो से लेकर मंत्री मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने देवजात्र कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि खुशहाली की कामना की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रमुख रूप से अर्जुन पुजारी, जुजेष्ठी नागेश, सरपंच भारती मांझी, प्रेमशिला नायक, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, उमेश पटेल, जितेन्द्र पुजारी,



भुजबल मरकाम, लिलर कुंजाम, संतराम कुंजाम, सुनाधर मांझी, ओंकार नेताम, चैनसिंह ध्रुव, कमल सोरी, धनसिंह यादव, पुनित दास, खिरसिंह सोरी, तरन सिंह, कमलसिंह ध्रुव, मनशाय सोरी, रघु मांझी, यामसुंदर, कुमोराम, तुलाराम, बाबूराम सोरी, मनीराम ध्रुव, चतुर यादव, घनश्याम यादव, सिद्धेश्वर यादव, तोरण सोरी, चितरूराम, दुर्योधन दास, प्रितम कुंजाम, सेवन सोरी, मधु सोरी, सुपेद सोरी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# निस्तारी के लिए नगर के तालाबों को भरने सिलसिला जारी





**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत के सूखते तालाबों को भरने सिंचाई विभाग के द्वारा नहर से पानी छोड़ने पर नगर पचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी एवं पार्शदों ने तालाब भरने जी जान से जुटे। फरवरी माह से ही गर्मी की तपिश से नगर सहित अंचल मे भूमिगत जल स्त्रोतों मे कमी आने के कारण तालाब एवं कुंओ तथा हेंडपंपों से पानी की कमी हो गई है जिसके कारण लोगो की निस्तारी समस्या उभरकर सामने आ रही थी।लोगो को पानी टंकी से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से यह समस्या और भी गहरा गई है।इस समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी के द्वारा सिंचाई विभाग से निस्तारी पानी देने के लिए पत्र जारी किया गया था जिसके परिपेक्ष मे सिंचाई विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए नहर से पानी छोड़ा है हालांकि गेज कम है उसके बाद भी यह पानी तालाबों को भरने का काम आ रहा है।पानी को नाली बनाकर तालाबो मे भरने के लिए नगर पंचायत के द्वारा पंप भी लगाया गया है।नगर के नहर रोड से लगे तालाब की भरपाई के बाद अब यह पानी गरीब नाथ तालाब मे जा रहा है जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी स्थल मे खडे.होकर इस कार्य को अंजाम देने मे लगे है वहीं पर वार्ड 12 के पार्शद हैप्पी अभिशेक सोनी भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं।लोगो ने बताया कि इस पानी को ले जाने पर घरों मे बने कुंओ के जलस्त्रोता मे वृद्धि होगी वहीं पर हेंड पंप भी रिचार्ज होंगे। यह स्थिति दो चार दिनों के बाद भी हो पायेगा। नागरिको मे इस निस्तारी पानी के आने से हर्श है।

## पेज 11 के शेष

### मार्च में ही सूखने लगे ...

ओर गंदगी फैली हुई है। राजिम गरियाबंद मार्ग पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के कचरे एवं अतिक्रमण से तालाब एवं पोखर का अस्तित्व खतरे में है।

### खुडियाडिही में मनाई...

ब्लाक के 71 सरपंच में 60 सरपंच तो मेरा दूत हैं । इन सबको विकास से जोडने में मेरी ज़िम्मेदारी और बढ़ी है।

**आयोजन में ये रहे उपस्थित** : साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी के तत्वावधान में बुधवार को आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती के पुनित अवसर साहू समाज भवन परिसर खुडियाडिही में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित, अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ भूवनेश्वर साहू, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू,प्ररिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू,सरपंच खुटेरी बेनीशंकर साहू, राभमंस अध्यक्ष लाला राम साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमकार साहू, सरक्षंक रामू राम साहू, गैंदालाल साहू,कूंजन, सरपंच बोरसी अनुसुइया साहू, सरपंच बहेरापाल डा राजेश साहू, सरपंच बारूला सुकदेव साहू, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद,जनपद सदस्य मंजू साहू, जनपद सदस्य नंदू यादव, जनपद सदस्य डा दिलिप साहू, प्रकाश साहू, रामाधार साहू ,उपाध्यक्ष ओंकार साहू , जागेश्वर साहू, दयाराम साहू,की अतिथित्व में सर्वप्रथम माता कर्मा के फोटो पर माल्यार्पण व धुप दीप से पूजा-अर्चना कर मंगल आरती कीया गया।

### सरगी नदी के...

बुलंद हैं। बुधवार को क्षेत्र के जनपद सदस्य नंदू यादव, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू ,ग्राम प्रमुख बिजली दयाराम साहू, कोटवार प्यारे दास,नाथु राम ढीढी, भैय्या राम निषाद ने सरगी नदी पहूंचकर रोक लगाई और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। एस डी एम विशाल महाराणा ने सख़्ती से अवैध उत्खनन पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद से बड़ी कार्रवाई की उम्मीद लोगों में जागी है। ग्रामिणो का कहना है कि नदी तट तक खनन से हमारे खेत को नुक्सान पहूंचेगा।

**राजस्व को भी भारी नुकसान** : अवैध रेत खनन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाता है. हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे. हम इस अभियान को आगे भी जारी रखेंगे ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। अनुविभागीय अधिकारी राजिम विशाल महाराणा ने कहा अति आवश्यक सरकारी काम का होतो देख लेते हैं। मौका स्थल भेजकर जांच किया जायेगा।

### अवैध शराब ..

बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 21 वर्षीय अभिषेक यादव निवासी परेवापाली, थाना देवभोग के रूप में हुई है। उसके कब्जे से डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब 25 लीटर बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 2500 रुपए आंकी गई है।

**आरोपी को भेजा गया जेल** : आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में देवभोग पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

**अवैध शराब के खिलाफ सख्ती जारी** : गौरतलब है कि गरियाबंद पुलिस अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# इंदागांव के ग्रामीणों को मिल रहा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इंदागांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत विभिन्न प्रकार से लाभान्वित किया जा रहा है। जिसमें मनरेगा अंतर्गत 679 पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवार है। जिसमें से 341 परिवारों के 601 लोगों के द्वारा विभिन्न रोजगारमूलक कार्य की मांग करने पर उन्हे 13 हजार 863 मानव दिवस कार्य उपलब्ध कराया गया है। 21 परिवारों को 100—100 से अधिक मानव दिवस रोजगार प्रदाय किया गया।

### वित्तीय वर्ष 2024—2025 में ग्राम पंचायत

ग्रापं इंदागांव को 11 हजार 295 मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है। जिसके विरुद्ध में 13 हजार 863 मानव दिवस अर्जित




किया गया है। जिसमें से 6 हजार 972 मानव दिवस महिलाओं के द्वारा एवं 6 हजार 891 मानव दिवस पुरुषों के द्वारा कार्य किया गया है। वर्तमान में इंदागांव में 245 प्रधानमंत्री आवास एवं ग्राम अमली में पीएम जनमन योजना अंतर्गत 22 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है। वित्तीय वर्ष 2024—25 में मनरेगा अतंर्गत 6 भूमि सुधार कार्य, 3 डबरी निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2023—24 अतंर्गत 11 भूमि सुधार कार्य, 1 कूप निर्माण कार्य, 10 नाडेफ निर्माण, 9 सोकतापीट एवं 2 तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया है। जिसमें कुल 28 लाख 27 हजार रूपये की लागत के कार्यों से ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया है। वर्तमान में मनरेगा के तहत इसके अलावा इंदागांव में विगत एक सप्ताह से लगातार मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा कैम्प लगाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को मादक पदाथोंर् एवं नशे से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है। प्रशासन द्वारा गांव में बैंकिंग सुविधा के लिए भी प्रयास किये जा रहे है। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा भी लोगों को जागरूक करने करने के लिए महिला कमाण्डों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा भारत माता वाहिनी द्वारा नशामुक्त समाज के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही नशा पीड़ित व्यक्ति को नशामुक्ति केन्द्र प्रवेश कराकर नशामुक्त किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दो दंतैलों की सिरपुर क्षेत्र में दस्तक, छह गांवों के लिए हाई अलर्ट



**महासमुंद।** वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 में दो दंतैल हाथियों के प्रवेश के बाद छह गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर जारी सूचना के अनुसार बीती रात में 2 दतैल हाथियों ने सिरपुर रोड को पार कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 वन विकास निगम के जंगल में प्रवेश किया है। जिनका वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 54, 131, 132, 126, 127 है। हाथियों के प्रवेश के बाद ग्राम नांदबारू, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरशाली, बंदोरा, तालझर के आसपास के ग्रामीणों को हाई अलर्ट किया गया है। साथ ही कोटवार से मुनादी करवा कर किसी को भी जंगल नहीं जाने और हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने कहा गया है।

### महुआ बीन रही वृद्धा से बेटे ने मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली में महुआ बीन रही एक वृद्धा के साथ उसके बेटे ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र का है। वृद्धा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि डूमरडीह की लक्ष्मीबाई ठाकुर पति सेवकराम ठाकुर वृद्धावस्था होने से ज्यादा काम काज नहीं करती है। वह अपने मंझले पुत्र भगवान सिंग ठाकुर के साथ रहती है। वह 25 मार्च की सुबह महुआ बीनने के लिए अपने खेत में गई थी। करीबन 8 बजे वृद्धा का छोटा लड़का युवराज ठाकुर आया और मेरे पेड़ के महुआ को क्यों बीन रही हो कहते हुए हाथ में पकड़े लकड़ी के डंडे से मारपीट करने लगा मारपीट करने से महिला के बायें पैर, जांघ, कमर, पीठ, सिर में चोट आई है।

### डेटा विजुवलाइजेशन और एआई मॉडलिंग सीखकर छात्र उत्साहित

**महासमुंद।** डेटा विजुलाइजेशन और एआई मॉडलिंग सीखकर छात्र उत्साहित हैं। कार्यक्रम के सहायक समन्वयक विकास यादव ने बताया कि पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला के तीसरे दिन एआई कोच अनूप सिंह ने डाटा विजुलाइजेशन, एआई मॉडलिंग, और प्रोजेक्ट सायकल के विभिन्न आयामों को विस्तार से बताया। डेटा एक्विजिशन, डेटा इवेल्यूएशन, तथा एआई मॉडलिंग पर हैंड्स ऑन कार्य अपने अपने लैपटॉप में कर छात्रों ने जाना। डेस्क के जिला संयोजक जगदीश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि एआई स्किलिंग कैंप में भाग ले रहे विद्यार्थियों के लिए जिला विज्ञान एवं शैक्षिक परिषद की ओर से एस्ट्रोनॉमी और स्काई वाचिंग कार्यक्रम 27 मार्च शाम 6 बजे से रखा गया है। जिसमें परिषद के ब्लॉक संयोजक अजय भोई टेलीस्कोप के माध्यम से खगोलीय घटनाओं का अवलोकन विद्यार्थियों को कराएंगे।

### आने वाले दिनों में मवेशियों के लिए होगी पीने के पानी की विकराल समस्या

# मैनपुर तहसील के 100 से अधिक तालाब अभी से सूखे, निस्तारी और पेयजल के लिए मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में इस वर्श निस्तारी जल को लेकर अभी से हाहाकार मचा हुआ है नगर के दोनो तालाब फरवरी माह में ही सूखकर मैदान बन चुका है एकबूंद भी पानी तालाब में नही है और तालाब में पानी भरने के लिए कोई व्यकल्पिक व्यवस्था भी नही होने से आने वाले गर्मी के दिनों में भारी विकराल समस्या उत्पन्न होने की उम्मीद है। मैनपुर के एकमात्र निस्तारी तालाब पूरी तरह सूख जाने के कारण इन दिनों गहरीकरण कार्य किया जा रहा है नगर के लोगो ने स्थानीय जनपद प्रशासन से मांग किया है कि मैनपुर के एक मात्र निस्तारी तालाब को कम से कम 10 फीट गहरा किया जाये साथ ही नदी वाले मेड़ में कांक्रिटीकरण किया जाये ताकी आने वाले वर्शो में इस तालाब में गर्मी के दिनों में भी पानी रूक सके। नये सरपंच श्रीमति हनिता नायक एवं पंचो द्वारा इन दिनों तालाब गहरीकरण कार्य करवाया जा रहा है जिससे नगर के लोगो में आने वाले गर्मी के दिनो में इसका लाभ मिलेगा।

- मैनपुर क्षेत्र के तालाबो मे पानी भरने के लिए नही है नहर व ट्यूब वेल की सुविधा,

### 100 से ज्यादा तालाब सूखे

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के 100 से ज्यादा तालाब मार्च के अंतिम सप्ताह में ही सूख चुके है इन दिनो निस्तारी जल को लेकर बेहद विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे नहर नाली एवं ट्यूबवेल की सुविधाएं नही होने के कारण गर्मी के दिनो मे तालाब तेजी से सूख रहे है लेकिन तालाबो को पानी भरने के लिए कोई भी व्यवस्था नही है और तो और शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्य योजना भी नही बनाया गया है जिसके कारण ग्रामीण इलाको मे निस्तार जल को लेकर भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले दिनो मे पालतू मवेशियो को भी तालाबो से पानी नही मिल पायेगा। गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश तालाबो का पानी सूख चुका है ऐसे मे क्षेत्र के ग्रामीणो के समक्ष निस्तार की प्रमुख समस्या उत्पन्न हो चुकी है, तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के अंचलो मे तेजी से गिरते जल स्तर से लोगो मे जल संकट की समस्या गहराने लगा है, गांवो में अभी से निस्तारी को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, तेज गर्मी के साथ नदी नालों से लेकर तालाब व कुओं का जल स्तर भी तेजी से घट रहा है वहीं मैनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रे मे इन दिनो निस्तारी, पेयजल संकट की समस्या भी विकराल रूप ले रही है।





### मैनपुर मुख्यालय में निस्तार की विकराल समस्या लोग परेशान

तहसील मुख्यालय मैनपुर मे कहने को तो दो तालाब है लेकिन एक मात्र तालाब में निस्तारी होती है इस तालाब का पानी पुरी तरह सुख चुका है और मैनपुर नगर मे ही पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है तहसील मुख्यालय मैनपुर के लोगो को दूसरे ग्राम निस्तार के लिए जाना पड़ रहा है जबकि मैनपुर नगर की आबादी 8 हजार के आसपास है और नगर के 75 प्रतिशत लोगो की निस्तारी तालाब पर ही निर्भर है।

### हर वर्ष करोडों रूपये की लागत से तालाबों का होता है निर्माण

जल संरक्षण के लिए हर वर्ष जनपद व विभिन्न योजनाओं के तहत क्षेत्र में करोडो रूपये की लागत से जगह जगह तालाबों का निर्माण किया जाता है मनरेगा योजना के तहत तो सैकडो तालाब खोदे गए है लेकिन स्थल चयन सहित तकनीकी मापदंडो की अनदेखी की वजह से समय से पहले गर्मी के शुरूआत में ही तालाब सूख जाते है और इस ओर विभाग के संबधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही किए जाने से मानों शासन के लाखो करोडो रूपये सिर्फ पानी में बहकर चले जाता है तालाब निर्माण से पहले स्थल चयन किया जाना चाहिए और पानी कैसे तालाब में रूके इसके लिए योजना तैयार करने के बाद ही तालाब निर्माण किया जाना चाहिए।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया कि सभी पंचायतो से जानकारी मंगाई गई है कि जहां भी तालाब सूख चुके हैं, पानी भरने की व्यकल्पिक व्यवस्था एवं कार्ययोजना बनाई जा रही है।

### तालाबों को पानी भरने कोई ठोस कार्य योजना नही

ग्रामीण क्षेत्रे मे प्रमुख रूप से स्थित तालाब ही निस्तारी की समस्या को पूरा कर पाता है ऐसे मे तालाबो मे जलभराव व निस्तारी की समस्या के लिये वैकल्पिक उपाय नही किया गया तो ग्रामीणो के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न होगी, गर्मी मे राहत दिलाने वाले कुआं, जलाशय सहित विभिन्न जल स्त्रेत बड़ी तेजी से सुख रहे है जिसे लेकर यहां के ग्रामीण बेहद मायूस है, वहीं कई तालाबो मे पानी तट छोड़ रहे है जिसके कारण मवेशियो के लिये पीने का पानी मुहैया नही हो पा रहा है, सूर्य अपने तापमान मे जिस प्रकार बढ़ोत्तरी कर रहा है उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी के आने वाले दिनो मे ग्रामीण क्षेत्रे के प्रमुख तालाब पूरी तरह से सुख जायेगा, गर्मी के व्यापक स्वरूप व सूख रहे तालाब की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणो ने स्थानीय प्रशासन से निस्तारी व जल समस्या के निवारण हेतू जल्द से जल्द बोर खनन करवाकर तालाबों मे पानी भरने की मांग की है अभी तक मैनपुर क्षेत्र के तालाबो मे पानी भरने के लिए कोई ठोस कार्य योजना शासन प्रशासन के पास नही है।

## नवापारा परिक्षेत्र में साहू समाज ने मनाई माता कर्मा की जयंती

**नवापारा-राजिम।** नवापारा परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा मां कर्मा मंदिर में प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार एकादशी को समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम माता की पूजा के बाद खिचड़ी का भोग लगाया एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रमेश साहू, संरक्षक मेघनाथ साहू, प्रेमलाल, परदेशी राम साहू, छन्नू लाल, गेन्दलाल, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डिगेश्वर, कोमल, सखाराम, राजू, सुरेंद्र साहू, रविशंकर, आलोक साहू, पार्षद अजय, अर्जुन, मंदिर समिति के अध्यक्ष रज्जु, कन्हैय्या, सुखराम साहू सहित समाज के लोग मौजूद थे।



## 6 साल के अनश खान ने रखा रोजा



**मैनपुर।** मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के एक माह रोजा रखकर इबादत किया जा रहा है ऐसे में छोटे –छोटे बच्चे भी रोजा रख नमाज पढ़ इबादत में लगे हुए है मात्र 6 साल के मोहम्मद अनश खान ने पहला रोजा रखा छोटे से बच्चे अनश के रोजा रखने पर परिवार के लोग काफी खुश नजर आये और उनका फुलमाला के साथ इस्तिकबाल किया।

## मृतकों के परिवारों को शासन ने दी 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि



**राजिम।** सोमवार को सड़क दुर्घटना में मृतकों के तीनो परिवार को शासन की ओर से 25-25 हजार रूपए प्रदान किया गया।

## माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल जिपं अध्यक्ष कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तेली कुल की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जी जयंती समारोह ग्राम अमलीपदर में आयोजन किया गया।सर्व प्रथम कांदाडोंगर परिक्षेत्र के ग्राम कांडेकेला में स्थित कर्मा मंदिर में माता जी पूजा अर्चना किया गया माता जी को खिचड़ी भोग अर्पण कर आरती वंदना कि या गया।ततपश्चात ग्राम अमलीपदर में कलश यात्र एवं रैली निकालकर जयकारा लगाते हुए अतिथियों को समारोह स्थल मानस भवन तक स्वागत करते हुए लाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती नंदकुमारी राजपूत,जनपद सदस्य तपेश्वर राजपूत, निर्भय ठाकुर, चंदानी, कुंती साहू, सरपंच हेमा बाई नागेश, साहू समाज के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू एवं अन्य समाज प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अतिथियों के द्वारा कर्मा माता जी का सर्वप्रथम पूजा, आरती एवं वंदना किया गया। अतिथियों को मंचासीन कर स्वागत किया गया। उसके पश्चात साहू समाज कांडाडोंगर अंचल के सभापति देवशरण साहू के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन भाषण दिया गया।साहू समाज के वरिष्ठ गौरव चंद्र साहू श्रीमती सुकांति साहू टिकेराम साहू,हषिकेश साहू,पद्मनाभ साहू आदि के द्वारा माता जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा के द्वारा भी कर्मा माता के भक्तिमय जीवन पर जनमानस को संबोधित किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू के द्वारा भी भक्त माता कर्मा जी जयंती एवं सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सम्बोधित किया गया।

- अमलीपदर में माता कर्मा जयंती का भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज प्रमुख झुमुकलाल साहू ऋषिमणि साहू, खेमानिधि साहू, शोभा राम साहू, दिवाचन्द साहू, गोविंद साहू, निलाधर साहू ,लीलाधर साहू, नीलाम्बर साहू, बासुदेव साहू, अक्षय साहू, भूतेश्वर साहू, लंबोदर साहू, शशिधर साहू, मकरध्वज साहू, शेखर साहू, उपेन्द्र साहू, व जयराम साहू कर्मा जयंती समारोह का आयोजन ग्राम अमलीपदर साहू समाज के भुवेंद्र साहू बंशी साहू प्रदीप साहू पूरन साहू प्रफुल्ल साहू एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन टेकराम साहू संपादक साहू समाज के द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा से साहू समाज के

## जोगीडीपा में सिकलसेल जांच परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर/फिंगेश्वर

भारत सरकार ने जुलाई 2023 में सिकल सेल उन्मूलन मिशन शुरू किया है और माननीय प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक सिकल सेल रोग मुक्त भारत की परिकल्पना की है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर व्ही.के. हिरौंदिया ने बताया कि इसी तारतम्य में विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम जोगीडीपा में दिनांक 27.03.2025 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर अशोक जिंदल के नेतृत्व में तथा एम्स रायपुर में सिकल सेल समिति की अध्यक्ष डॉक्टर एली महापात्रा के समन्वय से डॉक्टरों की एक टीम एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग जिला गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में सिकल सेल जांच परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया गया है, उक्त शिविर में एम्स से डॉक्टर तुषार भारत जगजापे प्रोफेसर (बाल रोग विभाग) डॉक्टर प्रीतम एन. वासनिक अतिरिक्त प्रोफेसर (जनरल मेडिसिन विभाग )डॉक्टर रमेश चंद्राकर अतिरिक्त प्रोफेसर (टीएमबीबी विभाग) उपलब्ध रहेंगे ,साथ ही विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य टीम जिसमे सिकल सेल जांच,बीपी शुगर, नेत्र जांच ,जनरल ओपीडी, दंत विभाग ,आयुष्मान कार्ड निर्माण ,आयुष्मान वय वंदना कार्ड,की सेवाएं उपलब्ध रहेगी ,भारत सरकार और माननीय प्रधानमंत्री जी की परिकल्पन की 2047 तक सिकल सेल मुक्त भारत बनाना है,आइए हम सब मिलकर इस मुहिम का हिस्सा बने और सभी अपना सिकल जांच कराकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे,बीएमओ डॉक्टर हिरौंदिया ने सभी ग्रामवासी एवं आसपास के ग्राम चरौदा, बड़की फुलझर वाले से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें, शिविर में पंजीयन के लिए अपना आधारकार्ड अवश्य लाएं,शिविर का समय प्रातः10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

### शिविर में जनप्रतिनिधि भी होंगे शामिल

उक्त शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच नेतराम सिन्हा के सभी जनप्रतिनिधि, क्षेत्र की जनपद सदस्य,ग्राम विकास समिति के सदस्य,शाला विकास समिति के सदस्य,सभी महिला स्व सहायता समूह,विहान समूह ,शिक्षक ,समस्त मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उपस्थित होकर शिविर को वृहद रूप से संपन्न कराने में अपनी सहयोग प्रदान करेंगे।

### मंडी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ हुआ होली मिलन समारोह

## म्यूजिक ग्रुप परिवार के होली मिलन में शामिल हुए अंचल के 35 फनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

म्यूजिक ग्रुप परिवार छुरा का होली मिलन समारोह मंडी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, मिलन समारोह में दुर्ग ,रायपुर, अभनपुर ,नवापारा राजिम ,कोपरा पांडुका ,गरियाबंद फिंगेश्वर एवं छुरा अंचल के लगभग 35 से अधिक फनकार शामिल हुए, सर्वप्रथम प्रातः 11:00 बजे वरिष्ठ सदस्यों डाक्टर आनंद गुप्ता सुबोध फ्रैंकलिन रीझे यादव संजय महाड़िक रामकरण त्रिवेदी क्रांति कुमार साहू राकेश दास उत्तम पवार दीपक दीवान आदि को मंचासीन कराया गया, जिनके द्वारा पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर परंपरानुसार शुरुआत की गई तत्पश्चात मंचासीन सदस्यों का स्वागत अभिनंदन अबीर गुलाल लगाकर होली समान किया गया, इस अवसर पर सुबोध फ्रैंकलिन ने कहा कि होली का पर्व रंगों का पर्व है जीवन में हर रंग का अपना महत्व है संगीत नीरस जीवन में रस भरती है रंग से उमंग आता है संगीत से तरंग आती है जिससे ऊर्जा मिलती है आजकल म्यूजिक थेरेपी से कुछ रोगों का इलाज हो रहा है ,रीझे यादव ने म्यूजिक ग्रुप परिवार के गठन एवं कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संजय महाड़िक डॉक्टर आनंद गुप्ता और क्रांति कुमार साहू ने भी संबोधित किया रुपेश शर्मा द्वारा गणेश वंदना आरती गीत के साथ म्यूजिक परिवार के होली मिलन समारोह का श्री गणेश किया पश्चात होली गीत पर सभी थिरकते हुए झूमते हुए आनंद लिए। इसके बाद दीपक दीवान दुर्ग ने चल री सजनी गीत गया उत्तम पवार रायपुर ने हार्मोनिका में पंछी बनू उड़ के फिरू की सुंदर धुन निकाल कर मन मोह लिया राकेश दास रायपुर ने पुरानी फिल्म जख्मी के होली गीत पेश किये आशीष ठक्कर गरियाबंद ने मैं सेहरा बांध के आऊंगा गीत से समां बांधा। सुबोध फ्रैंकलिन रायपुर ने खातून की किस्मत में गीत गाकर तालियां बटोरी हरीश ठक्कर गरियाबंद ने चंदन सा बदन गीत गाकर वाहवाही बटोरी। हेमंत विश्वकर्मा अभनपुर ने ओ हंसिनी गीत की प्रस्तुति दी संजय महाड़िक ने ओ मेरे दिल के चैन गीत क्रांति साहू नवापारा ने गुंजे लगे हैं कहने लिलेश्वर साहू कोपरा ने ओ मांझी नैया ढूंढे किनारा विजय सिन्हा गरियाबंद ने पहले बार म्यूजिक परिवार में शामिल होकर मया होगे रे तोर संग गाकर वाहवाही बटोरी। धनंजय हरित फिंगेश्वर ने अपने चिर परिचित अंदाज में छलका ए जाम गीत को पेश किया साथ ही साथ नारायण प्रसाद साहू डॉ आनंद गुप्ता भगवान सिंह ध्रुव पंकज गुप्ता मंगल मूर्ति सोनी छगनलाल देवांगन विनोद कुमार देवांगन नेमीचंद यादव विजय यादव ऋषि साहू चितरंजन चंद्राकर बॉस डिगेश्वरी गोस्वामी श्यामा नेताम ने गीत प्रस्तुत किये माइक ऑपरेटर भुवनेश्वर सिन्हा ने भी म्यूजिक ग्रुप परिवार में पहली बार छत्तीसगढ़ी गीत तोर गावंव को प्रस्तुत कर सबका आशीर्वाद प्राप्त किया, कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू एवं रूपेश शर्मा ने किया। सुबह से प्रारंभ होली मिलन समारोह संध्या 6:00 बजे तक चला जिसमें दो चक्र में सभी फनकारों ने अपने-अपने प्रतिभा को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किये सभी के लिए नाश्ते में भोजन की व्यवस्था की गई थी। आयोजन व्यवस्था रामकरण त्रिवेदी, तरुण वर्मा, भोज कुमार साहू, पुखराज ठाकुर, घनश्याम यादव आदि ने संभाली।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमिताभ जैन, मोहनी गोस्वामी, भूपेंद्र देवदास, मीनू देवदास, स्वाती मेडम, ओमप्रभा साहू, विमल पुरोहित, कन्हैया मंडल, पुरानिक नागेश आदि उपस्थित रहे ।

## भक्त माता कर्मा की महाआरती




**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भक्त माता कर्मा की महाआरती की गई। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू, रामकुमार साहू, भोले साहू, श्याम साहू, अमृत साहू, राजू साहू, विष्णु साहू, यांशू साहू एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### भागवत सुनने आए युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** भागवत कथा सुनने ग्राम भोकलूडीह आए एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम मेमरा निवासी रोशन लाल साव ने बताया कि वह 25 मार्च को अपने परिवार के साथ ग्राम भोकलूडीह भागवत कथा सुनने आया था। वह भोजनालय से खाना खाकर अपने घर वापस जा रहा था। रात करीब 8.30 बजे कमलेश निषाद के घर के सामने आरोपी हिमेश साव, नरेश निषाद एवं कमलेश निषाद ने तुम हमारे गांव में क्यों घूम रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। सांकरा थाने में मामले को लेकर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## कीर्तिमान साहू का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**राजिम।** बकली सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्ही के उत्तम कुमार के पुत्र कीर्तिमान साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है।

## बम्हनीझोला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 28 को

**गरियाबंद/मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बम्हनीझोला (कोयबा) में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 28 मार्च को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम बम्हनीझोला सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला परिसर बम्हनीझोला में आयोजित किया जायेगा।

## गरियाबंद में हुई पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ की जिला इकाई कार्यकारिणी की बैठक



**रसेला।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ की जिला कार्यकारिणी बैठक छुरा नगर मानस मंदिर प्रारंग में संपन्न हुई, इस मौके पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे शुरुआती संबोधन पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव ने किया और कहा की लंबे समय से एक भावना मन में थी, छत्तीसगढ़ के प्रादेशिक पत्रकार साथियों का अपना एक मंच हो जिसमें अपनी मातृभाषा में विचारों और संबोधनों का आदान-प्रदान के साथ ही प्रादेशिक पत्रकारिता को विश्वसनीयता के साथ आगे बढ़ाया जा सके, यह उद्देश्य आज पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के रूप में आकार ले रही है, उन्होंने पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के विकास के लिए सभी कार्यकारिणी सदस्यों से विचार मांगा और अनवरत गरियाबंद जिले के पत्रकारों के हित में संगठन संचालित करने का विश्वास दिलाया। पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, प्रदेश महासचिव निहारिका श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, जिलाध्यक्ष परमेश्वर यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार यादव, ने भी संघ के संचालन के लिए अपने विचार व्यक्त किए और आने वाले समय में एक मजबूत कार्य प्रणाली विकसित करने की बात कही, पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने पत्रकारिता पोर्टल संचालन व समाचार पत्र-पत्रिकाओं को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के नियम कानून पर बात रखी और कहा की पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ पूरी निष्ठा और वैधानिक तरीके से पत्रकारों के हित में निर्णय लेगी।

# सचिव संघ के आंदोलन को नवनिर्वाचित सरपंचो का समर्थन

■ सचिवों के काम से सरकारी कामों में आ रही है अड़चनें

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत सचिव संघ द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है, सचिव संघ का कहना है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान पंचायत सचिवो के नियमितीकरण का वायदा मोदी की गारंटी के रूप में किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद भी इस दिशा में कोई कदम नही उठाया गया सरकार के वादाखिलाफी से आहत होकर सचिव संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है जिससे ग्राम पंचायतो में विभिन्न निर्माण कार्य के साथ शासकीय कार्य में अड़चने आ रही है। ग्राम पंचायतो के नवनिर्वाचित कई सरपंचो ने अभी तक पदभार भी ग्रहण नही किया है सचिव संघ के हड़ताल के समर्थन में आज बुधवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंचो ने बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन स्थल में पहुंचकर सचिव संघ के हड़ताल का समर्थन किया है साथ ही शासन प्रशासन से मांग किया है कि सचिव संघ की मांगो को शीघ्र पूरा किया जाये।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, भाठीगढ़ पुष्पा नेगी, हरदीभाठा मालती कोमर्रा, गोपालपुर कंवलीबाई दिवान, जाड़ापदर उपासीन नागेश, जिड़ार मुकेश कपिल, कुल्हाड़ीघाट बनसिंह सोरी, तुहामेटा सुबेसिंह सोरी, जांगड़ा अरविंद नेताम, तौरेंगा सोहन्तीन सोरी, अड़गड़ी फुलबती बाई नेताम, गौरगांव चिमन नेताम, गरहाडीह शंकरलाल नेताम, कोकड़ी कृष्णाबाई मंडावी, गोना निरबत बाई नेताम, भुतबेड़ा दुखिया बाई, बुड़गेलटप्पा संतोश मांझी, खोखमा प्रेमशिला नेताम, सिंहारलटी डोमुराम ध्रुव, बुरजाबहल मोहन जगत, साल्हेभाठा नुरपति ध्रुव, धरनीधोड़ा विजय मांझी, झरगांव बेलमति पाथ, तेतलखुटी रामबती सोरी, गुरजीभाठा टी बोधसिंह मांझी, धोबनमाल पदमा कोमर्रा एवं सचिव संघ के अध्यक्ष प्रेमसिंह ध्रुव, त्रिवेण नागेश, दसरू जगत, संतोश गुप्ता, भोला चक्रधारी, रामे"वर ध्रुव, संजय राजपूत, तुकाराम नायक, योगेन्द्र यादव, ओमप्रकाश कोमर्रा, अनिला नेताम, डोमे"वरी महिलांग, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, संजय नंदाल, सलाम खान, उपेन्द्र नेताम, निर्मल देशमुख एवं बड़ी संख्या में सरपंच सचिव उपस्थित थे।



### किसान पंजीयन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है 31 मार्च

# किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

रसेला क्षेत्र के सभी कृषि भूमिधारक किसानों को आधार नंबर की तरह ही यूनिक पहचान नंबर देने के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। किसानों को यूनिक पहचान नंबर मिल जाने से खेती-किसानी के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में बड़ी आसानी होगी।

किसान पंजीयन के लिए 31 मार्च 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। केन्द्र सरकार की एग्री टैक परियोजना के तहत किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। बिना पंजीयन के भविष्य में-किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए किसान अपने नजदीक के प्राथमिक सहकारी समिति या विख. के किसी भी चॉईस सेंटर या लोक सेवा केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराकर फॉर्मर आईडी बनवाने वाले किसानों को फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी, फसल ऋण जैसी कई सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को बार-बार अपने दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीयन के बाद मिले कार्ड से ही सभी योजनाओं का लाभ किसानों को आसानी से मिल सकेगा। उपसंचालक ने यह भी बताया कि जो किसान अपना पंजीयन एग्रीस्टैक पोर्टल पर नहीं कराएंगे, उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। उपसंचालक ने बताया कि किसानों को यूनिक पहचान नंबर प्राप्त करने के लिए अपनी कृषि भूमि के दस्तावेज जैसे त्रष्टा पुस्तिका, बी-1 के साथ आधार कार्ड की प्रति और आधार कार्ड से सम्बद्ध मोबाईल नंबर बताना होगा। किसानों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर लोकसेवा केन्द्रों में संबंधित जानकारी पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज की जाएगी। दर्ज जानकारी का सत्यापन राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद किसानों को यूनिक पहचान नंबर जारी किया जाएगा।



**एसडीएम ने की अपील**

एसडीएम मरकाम ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी यूनिक पहचान के लिए जल्द से जल्द लोकसेवा केन्द्र जाकर या नजदीकी सहकारी समिति में संबंधित पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराकर पंजीयन कराएं और यूनिक पहचान मिलने के बाद प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित खेती-किसानी के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का आसानी से फायदा लें।

## फसलों का एमएसपी के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर हो रहा पंजीयन

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षरण अभियान के तहत खरीफ फसल में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी फसल में चना, मसूर, सरसों का प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनान्तर्गत गरियाबंद जिलें मे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित देवभोग, झाखरपारा, अमलीपदर काण्डेकेला, ढोर्रा एवं तैतलखूँटी के माध्यम से उपार्जन किया जाना है।

सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त श्री असलम खान ने बताया कि जिसके अंतर्गत कृषको का पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। उन्होंने ऐसे किसान भाईयों से अपील की है कि वे वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर तथा सरसों उत्पादक कृषक अपने निकटतम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उत्पादित फसलों का एकीकृत किसान पोर्टल पर निर्धारित समयावधि में पंजीयन करा सकते है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, युवक को बीस साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ किया था दुष्कर्म

फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पॉक्सो एवं बलात्कार मामले), गरियाबंद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री यशवंत वासनीकर ने अवयस्क बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले उड़ीसा के नवरंगपुर जिलावासी 20 वर्षीय आरोपी धरम नेताम मांझी, पिता कुरूपति मांझी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया हैं।

मामले के संबंध में शासन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक श्री एच.एन. त्रिवेदी ने बताया कि पीड़ति की चाची ने थाना देवभोग में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी जेठानी की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनकी लड़की का वह पालन पोषण कर रही हैं। जो 24 अक्टूबर 2023 की रात खाना खाकर सो रहे थे कि वह लघुशंका के लिए उठी तो देखा कि अवयस्क पीड़ति बिस्तर पर नहीं हैं तब आसपास, रिश्तेदारों में खोजबीन किये जाने के बाद भी पता नहीं चलने पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी पीड़ति को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर पता तलाशी शुरू की गई। पीड़ति को उड़ीसा निवासी आरोपी धरम नेताम के कब्जे से बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 363, 366, 376 (2) (ढ) बीएनएस एवं धारा 4 (2) व 6 पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन द्वारा अपने पक्ष समर्थन में कुल 10 साक्षियों का कथन कराया गया।

फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य एवं दस्तावेजों के अवलोकन व प्राप्त निष्कर्षों के अनुरूप अवयस्क पीड़ति को शादी का झांसा देकर उसके वैध संरक्षक की अनुमति के बिना भगा कर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी धरम नेताम (मांझी) को दोषसिद्ध पाये जाने पर बीएनएस की धारा 363 के तहत दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार

**पीड़िता को 5 लाख रुपए दिलवाएगा प्रशासन**

न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय 25 मार्च 2025 में पीड़ति के साथ हुई उक्त घटना से होने वाले शारीरिक व मानसिक पीड़ा तथा उसके जीवन व मनोदशा पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विचार कर नाबालिग पीड़ति को प्रतिकर स्वरूप पाँच लाख रूपये दिलाये जाने का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रतिकर प्रदाय किये जाने के लिए निर्देशित किया गया हैं।

## हसदा स्कूल में जनसहयोग से भारत मां की प्रतिमा की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-भेण्डरी

■ नवनिर्वाचित सरपंच व सभी पंचों को किया गया सम्मानित

शासकीय माध्यमिक शाला हसदा नं 1 में जन सहयोग से निर्मित भारत माता का मंदिर एवं प्रतिमा अनावरण गणमान्य जन और ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम वैदिक विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान करके भारत माता की महाआरती की गई। तत्पश्चात सरपंच एवं सभी नवनिर्वाचित पंचों को सम्मानित किया गया। सभी दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से राघोबा महाड़िक ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसहयोग से निर्मित भारत माता मंदिर, छात्र-छात्राओं तथा आमजनों में देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देने, अखंड भारत का निर्माण एवं धार्मिक एकता, भाईचारा बनाने के उद्देश्य को रेखांकित किया। अध्यक्षता कर रहे जपं अध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कहा कि शिक्षकों द्वारा पूरे गांव से जन सहयोग लेकर भारत माता मंदिर बनाना स्वर्णिम और गौरवान्वित होने का पल है सभी को बधाई दी गई। सभापति मीना साहू जिपं सदस्य ने कहा कि युवाओं में शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिक मूल्यों, देश सेवा के प्रति सजग रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजेश साहू ने कहा कि शास. माध्यमिक शाला परिवार हसदा नं 1 का यह पहल सराहनीय है, इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगा। संचालन शिक्षक शिवशंकर साहू ने एवं आभार ए.एस.कंवर सर ने व्यक्त किया।

## एनएसएस के राज्य स्तरीय शिविर में कमलेश ठाकुर का चयन



**छुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर 2024-25 में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा के बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र एवं एनएसएस स्वयंसेवक कमलेश ठाकुर का चयन हुआ है। कमलेश ग्राम पटपरपाली निवासी हेमसिंग ठाकुर के पुत्र हैं। यह शिविर 21 मार्च से 27 मार्च 2025 तक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखी गई है।

**महाविद्यालय एवं उनके परिवार में हर्ष का माहौल :** कमलेश ठाकुर के इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सी.एच. पटेल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनित कुमार साहू तथा अन्य प्राध्यापकों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वह शिविर में अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस शिविर में राज्यभर से चयनित स्वयंसेवक समाज सेवा, नेतृत्व विकास, सामाजिक जागरूकता एवं डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# अभनपुर जनपद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

जनपद पंचायत अभनपुर मे जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया गया। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने अध्यक्ष चंनद्रिका बंजारे व उपाध्यक्ष खेलूराम साहू को गुलदस्ता भेंट कर दोनो को शुभकामनाएं दिया।

इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगो को ईमानदारी व निष्ठापूर्वक क्षेत्र का विकास मे हर संभव सहयोग देने आश्वसत किया गया। पद्भार ग्रहण क रने के उपरांत सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी जिसमे जनपद सदस्य नंदनी महेन्द्र खुटियारे,रामेश्वर निषाद,हिमांशु खरे,रानी सोनवानी, ओमप्रकाश साहू, श्रीमति तनु महेश साहू, हेमलता विनोद चंन्द्राकर, सारिका गोवर्धन साहू, चंचल राजा दिवान, संतराम साहू, श्रीमति रानू दिलीप बंजारे, कमल राम तारक,धनेश्वरी मेला राम डांडे, श्रीमति सविता ताराचंद साहू, राजेश्वरी धुरव, श्रीमति कुंतीलखन साहू, वर्षा संतोष मिश्रा, चित्ररेखा दीपक तारक, संजीव गिरी गोस्वामी, विवेक तिवारी,ब्रम्हानंद साहू,श्रीमति निशा कल्ला,मेनका पटेल आदि जनपद सदस्यो ने भाग लिया। अधिकारी कर्मचारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियो का परिचय के साथ ही अपने अपने क्षेत्र मे विकास कार्य के संबंध मे चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय ने सभी प्रतिनिधियो को बधाई देते कहा कि शासन की सभी योजनाओ के क्रियान्वयन मे सहयोग करने आश्ववत किया। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर जितेन्द्र बंजारे,राघवेन्द्र साहू, मुकेश ढीढी ,बसंत कोसले,राजा दीवान आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी की 25 बाइक जब्त, चार गिरफ्तार महासमुंद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के विभिन्न स्थानों से बाईक और सबमर्सिबल पंपों की चोरी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोपियों से पुलिस ने कुल सात लाख रुपए के 25 बाइकें और 6 सबमर्सिबल पंपों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी महासमुंद के अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी कर बिक्री करने के फिराक में थे।



मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शेर मोहम्मद वार्ड नं. 5 महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे मैं घर से अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजे 9071 से बस स्टैंड महासमुंद के यात्री प्रतीक्षालय में लॉक कर और ऑटो चलाने के लिए खल्लारी चला गया था। जब वह खल्लारी से वापस करीब दोपहर 3 बजे आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पुलिस को विवेचना के दौरान 25 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरा चौक शराब भट्ठी के पास कुछ व्यक्ति पुरानी गाड़ियां बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों व्यक्तियों से पूछताछ करने लगी तो ये लोग गोलमोल जवाब देने लगे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम कुबेर चंद्राकर उर्फ गब्बू पिता रेखराज चंद्राकर (37 वर्ष) निवासी हाल मुकाम वार्ड क्र 28 मौहारी भांठा पानी टंकी के पास महासमुंद स्थायी पता ग्राम सेनचुआ थाना कुरूद जिला-धमतरी, प्रीतम चक्रधारी पिता सुबेलाल चक्रधारी (19 वर्ष) निवासी कोल्दा मंडी पारा चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना महासमुंद, हितेश कुमार कुम्हार पिता नंदलाल कुम्हार (24 वर्ष) निवासी ग्राम फरौद वार्ड क्र 11 कुम्हार पारा चौकी बुंदेली और अशफाक अली उर्फ अस्तु पिता राईस अली (19 वर्ष) निवासी कोल्दा वार्ड क्र 01 चौकी बुंदेली बताया। पुलिस की टीम के द्वारा वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया और बताये कि चारों ने मिलकर कुल 25 नग मोटर सायकल तथा 06 नग सबमर्सिबल पंप को ग्राम नदी चरौदा , कोल्दा तथा ग्राम भुरकोनी बुंदेली एवं अन्य स्थानों से चोरी किए हैं।

